**बिहार सरकार**

**सहकारिता विभाग**

पत्रांक................................../पटना, दिनांक............................................

03/सह0ब0यो0 (आवंटन)–02/2025

प्रेषक,

**अभय कुमार सिंह,**
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

**निबंधक,**
सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना।

**विषयः–** **वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य में खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 में अधिप्राप्ति कार्य में संलग्न पश्चिम चम्पारण, बेतिया जिले के सहकारी संस्थाओं पैक्स/व्यापार मंडलों को पुराने गनी बैग मद में किसानों को ₹ 25/– (पच्चीस रू०) प्रति क्विंटल (धान) के भुगतान के लिए ₹15/– (पन्द्रह रू०) प्रति क्विंटल (धान) की दर से प्रतिपूर्ति अनुदान राशि के रूप में प्रबंधकीय अनुदान मद से रू० 1,35,06,549/– (एक करोड़ पैंतीस लाख छः हजार पाँच सौ उनचास) मात्र के आवंटन के संबंध में।**

महाशय,

विभागीय स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक–573, दिनांक–19.01.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य स्कीम अंतर्गत अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान मद में कॉलम–03 में अंकित राशि का आवंटन दिया जाता हैः–

| क्र॰ सं॰ | बजट शीर्ष | आवंटित राशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425–सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–107–क्रेडिट सहकारी समितियों को सहायता, उप शीर्ष–0106–अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान, विपत्र कोड–09–2425001070106, विस्तृत शीर्ष–31–सहायता अनुदान, विषय शीर्ष–06–सहायक अनुदान–गैर वेतन। | 1,35,06,549/– |

2 उपर्युक्त आवंटन वित्त विभाग के पत्र सं0–227/वि0, दिनांक–28.03.2025 के अंतर्गत बिहार विनियोग (संख्या–02) अधिनियम, 2025 एवं वित्त विभाग के पत्र संख्या–235/वि0, दिनांक–01.04.2025 के आलोक में दिया जा रहा है। वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.1998 में निहित शर्त्तों/अनुदेशों का अनुपालन किया जाना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक होगा।

3. आवंटित राशि का नियमानुसार व्यय करते हुए उक्त का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार को उपलब्ध कराया सुनिश्चित करेंगे।

4. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह०/–
**(अभय कुमार सिंह),**
सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–................................/पटना, दिनांक–........................................

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को मुहरबंद लिफाफा में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक–92(आ0)/पटना, दिनांक–20/01/26

प्रतिलिपिः– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना/उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/आंतरिक वित्तीय सलाहकार/विपत्र लिपिक, कार्यालय निबंधक, स०स०, बिहार, पटना (दो मूल प्रतियों में)/विभागीय आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20-01-26

सरकार के अपर सचिव।

20-01-2026